





# बरगी नहर टनल का सपना अब पूरा होने के करीब

## सांसद ने किया निरीक्षण, सिर्फ 119 मीटर कार्य शेष

**नवभारत न्यूज**

**सतना 27 मई। कटनी जिले के स्लीमनाबाद स्थित बरगी बांध की दाई तट टनल परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। सांसद गणेश सिंह ने बुधवार को परियोजना स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से चर्चा की।**



निरीक्षण के दौरान जानकारी मिली कि टनल निर्माण में अब केवल 119 मीटर कार्य बाकी है और फिलहाल कोई बड़ी बाधा शेष नहीं है। अधिकारियों के अनुसार टनल का मुख्य कार्य 15 जून तक पूरा होने की संभावना है। एहतियात के तौर पर अतिरिक्त 10 दिनों का समय भी रखा गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मशीन और अंदर मौजूद सामग्री को बाहर निकालने के लिए पहले से विशेष वेल तैयार किया गया है, जिससे प्रक्रिया में देरी न हो। मशीन हटाने में करीब दो से ढाई महीने का समय लग सकता है।

### अक्टूबर 2026 का है लक्ष्य

सांसद गणेश सिंह ने विश्वास जताया कि अक्टूबर 2026 तक मां नर्मदा का जल सतना, मैहर और रीवा जिले के किसानों के खेतों तक पहुंचने लगेगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित यह परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए नई उम्मीद लेकर आएगी और उनके राजनीतिक जीवन की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल होगी। उन्होंने इस कार्य में सहयोग के लिए राज्य सरकार, कटनी जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री द्वारा परियोजना को सीएम मॉनिटरिंग में लेकर तेजी से आगे बढ़ाने की भी उन्होंने सराहना की।

# प्रचंड गर्मी में 1 जुलाई से खुलें स्कूल

**नवभारत न्यूज**

**सतना 27 मई. प्रचंड गर्मी और भीषण लू के लगातार जारी असर को देखते हुए विद्यालय खोलने का निर्णय 30 जून ततक स्थगित किया जाए और साथ ही पेट्रोल-डीजल के आयातित खर्च को नियंत्रित रखने की दिशा में शिक्षकों के कार्यालयीन कार्य को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा प्रदान की जाए.**

मां शारदा की नगरी मैहर में आयोजित मप्र राज्य कर्मचारी संघ की बैठक में मुख्यमंत्री से यह मांग की गई. बैठक के दौरान यह जानकारी साझा की गई कि प्रदेश के कई विद्यालयों ममें इस प्रचंड गर्मी और लू से निबटने के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है. जिससे स्कूली बच्चों सहित शिक्षकों को हीट स्ट्रोक का गंभीर खतरा बना हुआ है. वहीं यदि 1 जून से विद्यालय आरंभ हो जाते हैं तो प्रदेश भर के लाखों शिक्षक अपपने-अपने कार्यस्थल पर आने-जाने को लेकर आयातित पेट्रोल-डीजल के खर्च को और बढ़ा देंगे. जो कि मौजूदा वैश्विक में देश की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रहित में नहीं होगा. जिसे देखते हुए शिक्षकों को अपने कार्यालयीन कार्य में वर्क फ्रॉम होम की सुविधा प्रदान किए जाने की मांग की गई.

बैठक में राज्य कर्मचारी संघ मैहर जिलाध्यक्ष मुनींद्र कुमार शुक्ला, राज्य कर्मचारी शिक्षा समिति के अध्यक्ष मोहित गर्ग, सचिव अरविंद निगम, रामनगर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. वासुदेव तिवारी, अमरपाटन तहसील अध्यक्ष डॉ. सुनील मिश्रा आदि कर्मचारी नेता उपस्थित रहे.

# सूरदास महिला को राजस्व विभाग 4 वर्ष से भटका रहा

**नवभारत न्यूज**

**मुकुन्दपुर 27 मई। जहां मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डां.मोहन यादव के द्वारा दिव्यांगों के हित के लिए निश्शक्तजनों का अलग मंत्रालय को आदेश दिया गया है। जिसमें निश्शक्त जनों को बेहतर लाभ दिये जाने का आदेश है इस आदेश का पालन करने हेतु समस्त जिला कलेक्टर को निश्शक्त जनो के उत्थान हेतु लेख किया गया है ।**

इसके बावजूद भी मैहर जिले के अमरपाटन विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रामगढ़ निवासी उमा ताम्रकार जो दोनों आंख से सूरदास महिला ने नायब तहसीलदार ताला से लेकर एसडीएम अमरपाटन,कलेक्टर मैहर ,आयुक्त रीवा,सीएम हेल्पलाइन ,मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल,निशक्त जन कल्याण मंत्रालय भोपाल के पास आवेदन पत्र के माध्यम से भूखंड प्रदान कराये जाकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने का निवेदन आवेदन किया गया ।जिसमें सभी आवेदन नायब तहसीलदार ताला को आदेश भूखंड प्रदान कर अवगत कराये जाने का आदेश किया गया ।किन्तु 4 वर्ष से अधिक समय हो गया राजस्व विभाग के नायब तहसीलदार के अधीनस्थ कर्मचारी पेशी पर पेशी दे रहे है सूरदास महिला के द्वारा बताया गया कि बिजली के टांसफारमर के बगल से भवन बना लेने हेतु बताया गया। देखा जा सकता है कि 11हजार केवी लाइन और वह भी टांसफारमर ऐसी जगह पर उक्त महिला कितना सुरक्षित रह सकती है यह सोचनीय बिषय है ।जिसमें उक्त महिला के द्वारा नही लिया गया अन्य जगह पर अपनी मांग रखी तो फिर पेशी पर पेशी दी जा रही है ।जबकि रामगढ़ में पचीसों एकढ़ भूमि अवैध अतिक्रमणकारियों के चंगुल में है कोई 1 एकढ़ तो कोई 2 एकढ़ भूमि अतिक्रमण किये हुए है ।उक्त अतिक्रमण हटवाये जाने हेतु ग्राम पंचायत रामगढ़ के द्वारा प्रस्ताव पारित कर राजस्व विभाग को दिया गया है किन्तु समाचार लिखे जाने तक अतिक्रमण नही हटवाया गया है। उक्त महिला ने यह भी बताया कि एसडीएम अमरपाटन को उक्त कर्मचारियों के द्वारा भूखंड प्रदान कर दिया गया है ऐसा प्रतिवेदन दिया गया है। जबकि आज भी उक्त महिला दर बदर भटक रही है ।उक्त महिला ने समाचार के माध्यम से जिला कलेक्टर मैहर का ध्यान अकृष्ट कराते हुए भूखंड प्रदान कराये जाकर प्रधान मंत्री आवास योजना दिलाये जाने की आवाज लगाई है।

# सती की कहानी में पिता का अहंकार और पति का अपमान शामिल : कृष्णचंद्र शास्त्री

**नवभारत न्यूज**

**सतना 27 मई। श्रीमद्भागवत महापुराण राधारमण मन्दिर झिंगोदर जिला - सतना में चल रही तृतीय दिवस की कथा में कथा व्यासश्री सतीश कृष्णचंद्र शास्त्री ने बताया कि माता सती की कथा जो कि हिंदू पौराणिक कथाओं का एक अत्यंत पवित्र और भावुक प्रसंग है।**

यह देवी सती के भगवान शिवजी के प्रति अटूट प्रेम और अपने पिता राजा दक्ष के अहंकार के कारण हुए अपमान और उनके द्वारा अपने प्राणों की आहूति देने की कहानी है. कथा में भक्तों का जनसैलाब उमड़ रहा है। कथा व्यास जी ने ध्रुव चरित्र में माता स्वरुचि ने जो ध्रुव महाराज को अपने पिता की गोद में न बैठने देना तथा कथावाचकश्री सतीश चंद्र शास्त्री ने चतुर्थ दिवस की



कथा जड़ भरत चरित्र, पुरस्वान उपाख्यान, वामन भगवान, गजेंद्र मोक्ष, बलि महाराज, संक्षिप्त राम कथा एवं जब इस धरा पर अधर्म बढ़ता है तो भगवान को अवतार लेना पड़ता है। कथा में व्यास पीठ का पूजन-लक्ष्मण प्रसाद अग्रहरि, संतोष अग्रहरि, प्रदीप अग्रहरि, ब्रजेश, प्रदीप, प्रमोद, राजा भैया एवं समस्त अग्रहरि परिवार ने किया.

# गोल टोली क्षेत्र में लगी भीषण आग

## सूचना के बाद भी अग्निशामक नहीं पहुंचा



**नवभारत न्यूज**

**नागौद 27 मई। नगर के गोल टोली क्षेत्र, जो कि मंडी के पीछे स्थित है,आज वहां अचानक भीषण आग लगने की घटना सामने आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने की सूचना थाने व नगर परिषद अमले को तत्काल दे दी गई हैं। लेकिन इसके बावजूद अग्निशमन वाहन समय पर मौके पर नहीं पहुंच सका हैं।**

स्थानीय लोगों ने बताया कि आग की लपटें तेजी से फैलती हुई मंडी परिसर और आसपास की रहवासी कॉलोनी की ओर बढ़ने लगीं, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता अधिक होने के कारण स्थिति नियंत्रित नहीं हो सकी।

फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका हैं। प्रशासनिक एवं दमकल विभाग की ओर से विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा की जा रही है।




# जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन निकाला मौन जुलूस

**नवभारत न्यूज**

**अमरपाटन 27 मई। सकल जैन समाज ने हाल ही में रीवा में हुई स?क दुर्घटना में 2 साध्वी माता जी के दुखद निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सुबह 8ः30 बजे संपूर्ण शहर में सड़क पर सैकड़ों लोगों ने मौन जुलूस निकल कर शासन से इस घटना की गहन जांच की मांग की है।**

बिहार पर निकले सकल साधुओं गुरुओं ओर माताओं की सुरक्षा की गुहार लगाई है। अनुविभागीय अधिकारी को दिये गये इस ज्ञापन को लेने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट आर डी साकेत एवं थाना प्रभारी अमरपाटन विजय सिंह परस्ते अमरपाटन के सतना चौराहे पर पहुंचे। ओर उपस्थित जन समूह को आश्वस्त किया इस विषय को सक्षम अधिकारी तक पहुंचाया जाएगा। ओर घटना की विस्तृत जांच की जाएगी। ज्ञापन के दौरान सैकड़ों हैं समाज की माताओं बहनों के साथ पदाधिकारी समाज सेवी लोग उपस्थित थे।

समाज के महामंत्री श्री संजय कुमार जैन ने रीवा में हुई घटना के बारे में जानकारी दिया मांगो को रखा।

### रोजगार मेला 1 से 5 जून तक

सतना 27 मई। शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 1 जून से 5 जून 2026 तक सतना जिले में स्थित समस्त आईटीआई में जीडी एक्स सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 1 जून को जनपद पंचायत रामपुर बघेलान, 2 जून को जनपद पंचायत उचेहरा, 3 जून को जनपद पंचायत नागौद, 4 जून को जनपद पंचायत मझगवां तथा 5 जून को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा।

# अराजकता के माहौल में महाविद्यालय बना पार्किंग का अड्डा

**नवभारत न्यूज**

**अमरपाटन 27 मई। शिक्षा का मंदिर जहां पर सहिष्णुता, सद्भावना, एकता, सभी प्राणियों के प्रति समता के भाव का पाठ पढ़ाया जाता हो,अगर वहीं पर अराजकता, जातिवाद, ईर्ष्या और विद्वेष व्याप्त हो जाए तो इंसान ग?ने वाली टकसाल मयखाने में तब्दील हो जाती है।**

सूत्रों की माने तो कुछ ऐसा ही हाल इस समय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमरपाटन का है जब से डॉ



शिवकुमार वर्मा उर्फ डॉ एस के वर्मा प्राचार्य का दायित्व संभाला है तब से यह महाविद्यालय अपनी किसी न किसी करस्तानी के लिए चर्चा का विषय बना ही रहता है कभी छात्रों की समस्याओं के लिए तो कभी महाविद्यालय के कर्मचारियों के हितों के हनन के लिए। महाविद्यालय में अराजकता अपने चरम पर पहुंच चुकी है जिसकी कमान संभालने में प्राचार्य महोदय पूरी तरह से नाकामयाब सिद्ध हुए। जिसका जीता जागता सबूत यह छायाचित्र है महाविद्यालय परिसर चार पहिया वाहनों की पार्किंग का अड्डा बन चुका है यह गाड़ियां अगर किसी कार्यरत कर्मचारियों की होती तो शायद इन्हें कवर से ढाका नहीं गया होता इससे यह सिद्ध होता है कि बाहरी लोगों द्वारा महाविद्यालय परिसर का प्रयोग निजी गाड़ियों की पार्किंग में किया जाता है और प्राचार्य उन्हें हटवाने में पूरी तरह से नाकामयाब हो रहे हैं अगर यही हाल इस महाविद्यालय का कुछ दिन और रहा तो वह दिन दूर नहीं जब यहां न जाने कौन-कौन से कारनामे सुनने को मिलेंगे।

# गौरिहार मंदिर ध्वस्तीकरण मामला बनता जा रहा गले की फांस

## हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणियों से बढ़ी प्रशासन की मुश्किलें

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट, 27 मई । प्राचीन धरोहर श्री गौरिहार मंदिर प्रकरण अब केवल एक दीवार के ध्वस्तीकरण तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह मामला प्रशासनिक जवाबदेही, न्यायालयीन आदेशों की अनदेखी और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे गंभीर प्रश्नों के केंद्र में आ खड़ा हुआ है।**

जैसे-जैसे पुराने न्यायालयीन अभिलेख सामने आ रहे हैं, वैसे-वैसे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल और तीखे होते जा रहे हैंजानकारी के अनुसार वर्ष 2005 में पंचम अपर जिला न्यायाधीश, सतना द्वारा गौरिहार मंदिर एवं अयोध्यावासी मंदिर से संबंधित एक वाद में स्थायी निषेधाज्ञा पारित की गई थी। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा था कि प्रतिवादीगण मंदिर की संपत्ति, प्रबंधन, पूजा-पाठ और आय में किसी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करेंगे तथा न ही किसी प्रकार का अधिकार उत्पन्न करेंगेअब इस प्रकरण में सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह सामने आया है कि प्रतिवादी पक्ष उच्च न्यायालय अवश्य गया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी मामले को सुनवाई का क्रमांक नहीं मिल सका। सूत्रों के अनुसार यदि अभिलेखों में यही स्थिति दर्ज है और कोई प्रभावी स्थगन आदेश अस्तित्व में नहीं है।

### एक नजर में



### ईदुल अजहा को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**मुकुन्दपुर।** मैहर जिले के अमरपाटन विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत 28 मई को ईदुल अजहा( बकरीद) की त्योहार को लेकर पुलिस और राजस्व अमले ने मुकुन्दपुर में फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस अधीक्षक मैहर के मार्गदर्शन में ख्याति मिश्रा एसडीओपी अमरपाटन के नेतृत्व में नायब तहसीलदार ताला, महेन्द्र कुमार मिश्रा पुलिस थाना ताला, नागेश्वर मिश्रा पुलिस चौकी मुकुन्दपुर के हमराह मय पुलिस बल थाना ताला, पुलिस चौकी मुकुन्दपुर थाना रामनगर,थाना अमरपाटन मय पुलिस वाहन सारन के साथ फ्लैग मार्च मुकुन्दपुर पुलिस चौकी से लेकर मैन बाजार होते हुए मंसूरी मस्जिद से होते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखे जाने का संदेश दिया गया।

### दिलजान चैम्पियनशिप के लिए चयनित

**रामनगर ।** वरिष्ठ पत्रकार अलाउद्दीन सिद्दीकी, हसीनुद्दीन सिद्दीकी (पोन्नू) के भतीजे सहीदुद्दीन सिद्दीकी (गुड्डा) के छोटे बालक दिलजान सिद्दीकी (अर्श) का नेशनल लेवल का सलेक्शन होने पर रामनगर में हर्ष व्याप्त है। खुशी का इजहार करने वालो में मुन्नीबाई साकेत अध्यक्ष पंचायत रामनगर अध्यक्ष समय सिंह नगर परिषद अमरपाटन रामसुशील पटेल पूर्व अध्यक्ष नगरपरिषद रामनगर कालिका प्रसाद पटेल सांसद प्रतिनिधि कमलेश गुप्ता कांग्रेस शहर अध्यक्ष रामनगर विधायक प्रतिनिधि एहसान खांन रामनगर रामकृपाल वर्मा लियाकत खांन सन्दीप गुप्ता नूरुल भाई देवराज नगर पत्रकार अशोक तिवारी शैलेन्द चौरासिया मणि पाण्डेय गणेश तिवारी आदि प्रमुख हैं।



### राज्याभिषेक के साथ श्रीराम कथा का विश्राम

**उचेहरा ।** गरादा धाम में चल रही श्रीराम कथा के नवम दिवस में पंडित अरुणेश मिश्रा नें रावण वध व राम राज्याभिषेक की कथा का मार्मिक चित्रण करके श्रोताओं को हर्षविभोर कर दिया , श्रोताओं नें जय श्रीराम की जयकार से पंडाल को गुंजायमान कर दिया।



### पीठासीन अधिकारियों का प्रशिक्षण 29 जून को

**सतना.** नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2026 के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान दल के रूप में चयनित किया गया है। समस्त चयनित पीठासीन, मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण 29 जून को प्रात: 11 बजे से संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के सभाकक्ष में आयोजित किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सतना ने कार्यालय प्रमुखों के संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को संलग्न सूची में प्राप्ति अभिस्वीकृति स्वरूप उनके हस्ताक्षर प्राप्त कर पावती कार्यालय के कक्ष क्रमांक जी-31 में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं।

# ईदुल अजहा पर्व शांति और सौहार्द से मनाए जाने की अपील

**नवभारत न्यूज**

**नागौद ।ईदुल अजहा( बकरीद ) एवं आगामी त्यौहारों के संबंध में शांति समिति की बैठक दिनांक 27.05.2026 क शाम 6 बजे थाना परिसर नागौद में आयोजित की गई ।**

बैठक में आपसी सौहार्द पूर्वक मिलजुल कर त्यौहार मनाने की अपील की गई। बैठक में तहसीलदार प्रज्ञा दुबे , एसडीओपी रघु केशरी , टी आई अशोक पांडेय की उपस्थित रहे



जिसमें साफ सफाई, पानी और ईदगाह में नमाज सुबह 8 बजे ,रामना मस्जिद में 8.30 मंसूरी जामा मस्जिद, 8.45 पर नमाज कायम की जाएगी। ईदगाह कमेटी ने जानकारी दी नगर परिषद से मानवेंद्र सिंह सदर ईदगाह मोहमद हामिद नगर अध्यक्ष कांग्रेस एडवोकेट मुखतार अहमद सिद्दीकी रामशंकर शर्मा बाबा, श्रीकृष्ण द्विवेदी एड सदर अनबार सिद्दीकी सुशील गुजर ,डॉ इकबाल एड हरि शंकरदीन कुशवाहा विनोद कुशवाहा ,कार्डिनेटर मोहमद रियाज गोलू, मोहनलाल वर्मा ,श्यामलाल साहू ,काशी लोधी नागौद के समस्त गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### गौ माता की रक्षा करने में भाजपा सरकार पूरी तरह विफ्ल

**नवभारत न्यूज**

**चित्रकूट 27 मई। ज्योतिर्मठ बदरिकाश्रम के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज की गौ-रक्षा एवं धर्म यात्रा मंगलवार को जनपद चित्रकूट पहुंची।**

जिले की सीमा क्षेत्र बरगढ़ में प्रवेश करते ही विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया तथा पुष्पवर्षा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के दौरान आयोजित धर्मसभा में शंकराचार्य ने गौ-रक्षा के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार गौ माता की रक्षा करने में विफ्ल रही है और देश में लगातार गौहत्या हो रही है।

उन्होंने कहा कि गाय को केवल पशु न मानकर राष्ट्रमाता घोषित किया जाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा कि सड़कों पर घूम रही गौमाताओं की उचित व्यवस्था सरकार को करनी चाहिए तथा गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गाय ने कौन सा पाप किया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री पं . नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 27 मई। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की 62वीं पुण्यतिथि पर बुधवार 27 मई को विधायक व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सतना सिद्धार्थ कुशवाहा एवं जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी के नेतृत्व में कांग्रेस जनों द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**

जिला कांग्रेस कमेटी सतना शहर के प्रवक्ता अमित गोयल ने बताया कि इस अवसर पर कांग्रेस जन धवारी चौराहा स्थित पंडित नेहरू की प्रतिमा




के समक्ष एकत्रित हुए। सभी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और देश के प्रति उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया।

इस अवसर पर दोनों अध्यक्ष के साथ डॉ पीडी पटेल, राम शंकर पयासी, उर्मिला त्रिपाठी, रामकुमार तिवारी,अमित गोयल, अखिलेश यादव, रजनी तिवारी, अमित अवस्थी, पंकज कुशवाहा, मोहन सिंह, सत्येंद्र निगम, पीयूष पटनहा, के के कुशवाहा, राजू अग्रवाल, जेपी कुशवाहा, अशोक चक्रवर्ती, हरिदर्शन पयासी, प्रदीप समदड़िया, बरमेन्द्र सिंह, विक्रांत त्रिपाठी, आशुतोष सिंह, दुर्गेश चौरसिया, संजय तिवारी, संतोष द्विवेदी, राजकुमार सोनी, शैलेश तिवारी, आशीष, जगदीश सेन, सुनील गुप्ता, एन एस राजपूत, अदनान सिद्दीकी, कृष्णा नामदेव, विजय यादव, राहुल सिंह, अफसर बाबू खान, किशन अहिरवार, केपी पाल, अनमोल पाल, अरुण कुशवाहा, अनुराग पाल, तरुण दहायत, किशोर मलिक, इस्तियाक अहमद, कल्लू प्रसाद गुप्ता, गैबीदीन गुप्ता, संजू यादव, उपेंद्र हयात, जगन्नाथ प्रजापति, उजैफी अहमद एवं अन्य कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### आधुनिक और आत्मनिर्भर भारत के निर्माता थे नेहरू : सिद्धार्थ

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा तथा शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी ने पंडित नेहरू के कार्यों को रेखांकित किया। नेताओं ने कहा कि पंडित नेहरू ने ही आधुनिक, आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी थी। उनके प्रमुख ऐतिहासिक कार्यों में पंचवर्षीय योजनाएं और औद्योगिकरण, उच्च शिक्षा संस्थानों आईआईटी एम्स और एआईआईएमएस जैसे प्रमुख राष्ट्रीय और शैक्षिक संस्थानों की स्थापना, परमाणु कार्यक्रम और अंतरिक्ष अनुसंधान की नींव रखी जो आज इसरो का आधार है, गुटनिरपेक्ष आंदोलन, स्वतंत्र विदेश नीति, पैतृक संपत्ति में महिलाओं को समान अधिकार हिंदू कोड बिल, आदि शामिल हैं। आभार प्रदर्शन प्रवक्ता अमित गोयल ने किया।